

# पेयजल वितरण व्यवस्था को लेकर प्रशासन सजग

- एसडीएम व सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश
- नागरिकों को भी किया जाएगा जागरूक

**पेटलावद। नगर में पेयजल वितरण व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नेहा मीना के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पेटलावद तनुश्री मीणा के निर्देशन में नगर क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति, संचालन एवं संधारण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।**

इस अवसर पर आयोजित बैठक में जल वितरण व्यवस्था, शुद्धता, पाइपलाइन संधारण, वाल्व संचालन एवं जल परीक्षण की स्थिति की जानकारी ली गई। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेन्द्र भण्डारी, पीएचई विभाग के अधिकारी बघेल, नायब तहसीलदार अंकिता भिडे, नगर में जल आपूर्ति करने वाली कंपनी पी.सी. स्नेहल के स्थानीय प्रबंधक संदीप, दीपक वास्केल, उपयंत्री नगर परिषद एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।



फिल्टर प्लांट का निरीक्षण, जल गुणवत्ता की जांच : अनुविभागीय अधिकारी तनुश्री मीणा एवं सीएमओ आशा जितेन्द्र भण्डारी ने फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल वितरण प्रक्रिया, क्लोरीनेशन एवं पानी की गुणवत्ता की टेस्टिंग हेतु पी एच ई विभाग द्वारा सैंपल लिए गए ।एसडीएम ने मुख्यनगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा शुद्धता के मानकों का सख्ती से पालन किया जाए।

उन्होंने आम नागरिकों को हो रही पानी संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश : मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेन्द्र भण्डारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर में पेयजल को लेकर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नागरिकों को पानी की समस्या होने पर तत्काल नगर पालिका को सूचना देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर प्रत्येक वार्ड के घरों के पानी के सैंपल लिए जाकर गुणवत्ता की जांच की जाएगी वोराली डेम का भी निरीक्षण किया गया ।नगर में पेयजल संचालन, संधारण व वितरण का कार्य पी सी स्नेहल कंपनी अहमदाबाद द्वारा किया जा रहा हे । इंदौर की घटना के बाद प्रशासन सख्त : हाल ही में इंदौर में जल आपूर्ति से जुड़ी घटना के बाद शासन एवं प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत जिला एवं स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड में है। नगर में लगातार अभियान चलाकर नागरिकों को नल खुले न छोड़ने, गंदे पानी का जमाव न होने देने, स्वच्छता बनाए रखने एवं आवश्यकता अनुसार दवा छिड़काव कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पेयजल व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

## एक नजर में

### इष्टदेव ऐप ने लॉन्च किया ट्रैवल मित्र फीचर

इंदौर. आध्यात्मिक पर्यटन को एक नई दिशा देने और देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों का अधिक गहन, सुविधाजनक और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से इष्टदेव ऐप ने अपने नए फीचर ट्रैवल मित्र की शुरुआत की है. यह पहल तकनीक और अध्यात्म के संगम से यात्रियों के अनुभव को और अधिक सार्थक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है. इस फीचर के माध्यम से किसी भी धार्मिक या आध्यात्मिक क्षेत्र के स्थानीय निवासी जिन्हें उस क्षेत्र की परंपराओं, मान्यताओं, इतिहास और विशेष आध्यात्मिक महत्व का अच्छा ज्ञान हो तथा जिनकी अध्यात्म में गहरी रुचि हो—ईष्टदेव ऐप पर स्वयं को ट्रैवल मित्र के रूप में नि:शुल्क रजिस्टर कर सकते हैं. ये ट्रैवल मित्र अन्य शहरों या राज्यों से आने वाले यात्रियों को प्रति घंटे शुल्क के आधार पर उस आध्यात्मिक स्थल को समझने, महसूस करने और उससे जुड़ने का अवसर प्रदान करेंगे. इस नए फीचर की जानकारी देते हुए ईष्टदेव की सह-संस्थापक एवं सीईओ प्रिया वर्मा ने बताया कि ईष्टदेव का उद्देश्य केवल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनना नहीं है, बल्कि लोगों को उनके आध्यात्मिक मूल्यों और तीर्थ स्थलों से गहराई से जोड़ना है. ट्रैवल मित्र फीचर के माध्यम से हम यात्रियों को एक मानवीय, भरोसेमंद और व्यक्तिगत अनुभव देना चाहते हैं, साथ ही स्थानीय लोगों को सम्मानजनक आजीविका का अवसर भी प्रदान करना चाहते हैं.

### मणप्पुरम ने भुवनेश ताराशंकर को बनाया ग्रुप सीएफओ

इंदौर. मणप्पुरम ग्रुप ने आज भुवनेश ताराशंकर को ग्रुप चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (ग्रुप सीएफओ) नियुक्त करने की घोषणा की. वे मणप्पुरम ग्रुप की सभी कंपनियों में रणनीतिक वित्तीय नेतृत्व प्रदान करेंगे. साथ ही बोर्ड तथा वरिष्ठ प्रबंधन के साथ मिलकर वित्तीय प्रशासन, पूंजी की दक्षता तथा दीर्घकालिक मूल्य सृजन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे. मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर वी. पी. नंदकुमार ने इस नियुक्ति के बारे में कहा मैं हमारे नए ग्रुप चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर के रूप में भुवनेश ताराशंकर का स्वागत करते हुए प्रसन्न हूं. भुवनेश अग्रणी बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा संस्थानों में गहन एवं विविध अनुभव के साथ-साथ वित्तीय रणनीति, पूंजी प्रबंधन, कंपनी संचालन तथा रेगुलेटरी इंगेजमेंट में मजबूत क्षमता लेकर आ रहे हैं. जैसे-जैसे हम अपनी मणप्पुरम 2.0 रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं, उनका नेतृत्व वित्तीय प्रशासन को मजबूत करने, पूंजी की दक्षता बढ़ाने तथा ग्रुप में सतत मूल्य सृजन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगा. जैसे-जैसे हम अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण को पूरा करने की दिशा में बढ़ रहे हैं, मैं उनसे निकटता के साथ काम करने की उम्मीद करता हूं.

### शाकम्भरी जयंती मोहत्सव में सुबह से देर रात तक होंगे अनुष्ठान

इंदौर. साग-सब्जी, फल-फूल उपलब्ध कराने वाली मां शाकम्भरी देवी सकराय माताजी के 26वें महोत्सव की तैयारियां अंतिम दौर में पहुँच गई हैं. महोत्सव इस बार 3 जनवरी को बायपास स्थित सम्पत पैलेस गार्डन पर मनाया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध परंपरागत तांडव आरती के साथ ही दोपहर में माँ शाकम्भरी का मंगल पाठ भी होगा. महोत्सव में सुबह से रात तक विभिन्न आयोजन होंगे। महोत्सव में माँ शाकम्भरी को समर्पित करने के लिए कोलकाता से चुनिन्दा 11 किस्म के फूलों का गजरा बुलवाया जा रहा है जिससे माता रानी के दरबार का भव्य श्रृंगार कर पंडाल भी सजाया जाएगा. शाम को 101 कन्याओं के पूजन के पूर्व दोपहर में 2 बजे से मंगल पाठ प्रारंभ होगा। शुक्रवार को मातारानी का भव्य दरबार बनकर तैयार हो गया. आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम संयोजक प्रभारी गोपाल अग्रवाल, रामप्रसाद सोंथलिया एवं जयेश अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ आचार्य प. प्रद्युम्न दीक्षित एवं आचार्यों के निर्देशन में सुबह 9 बजे स्थापना एवं मंडल पूजन के साथ होगा.



# राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज भोपाल में

- गुड मार्निंग क्लब के 19 खिलाड़ियों का दल भोपाल के लिए हुआ रवाना

**झाबुआ।** राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता मप्र की राजधानी भोपाल में 4 जनवरी, रविवार को आयोजित होगी। जिसमें 30 से 70 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले रहे है। प्रतियोगिता अंतर्गत 100 मीटर, 200, 400 और 800 मीटर दौड़, 5 किमी तेज चाल, भाला फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद, ट्रीपल जंप आदि स्पर्धा होगी। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे।

इसी क्रम में जिले से गुड़ मॉर्निंग क्लब के 19 खिलाड़ियों का दल गुड मॉर्निंग क्लब महिला इकाई अध्यक्ष प्रफुल्ल शर्मा के नेतृत्व में 3 जनवरी, शनिवार दोपहर 11 बजे गोपाल कॉलोनी स्थित गोपाल मंदिर से रवाना हुआ। खेल प्रशिक्षक कोमल बारिया ने भी खिलाड़ियों को तैयारी करवाने में विशेष सहयोग प्रदान किया। गोपाल मंदिर पर सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। महिलाओं की अधिक भागीदारी को देखते हुए मातृ शक्ति के जयघोष लगाए गए और प्रतीक के रूप में केक काटते हुए खुशियां मनाई गई। बड़ौदा (गुजरात) की पूर्व मेयर एवं गुजरात भाजपा महिला मोर्चे की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. ज्योति पंड्या और पूर्व हॉकी खिलाड़ी भगवतीलाल शाह ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को वाहन से रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व बड़ौदा महापौर डॉ. पंड्या ने कहा कि झाबुआ जैसे स्थान से महानगरों को भी सीख लेना चाहिए।

## दल में यह है शामिल

भोपाल जा रहे खिलाड़ियों के दल में प्रफुल्ल शर्मा, अर्चना राठौर, पार्वती किराड, सीताराम डामोर, नविता गुप्ता, कुसुम कनेश, सुनीता अलावा, विनीता बारिया, मोना गुंडिया, दीपमाला भाबर, निर्मला गोयल, जगदीश परमार, सुलोचना चौहान, प्रतिभा चोरनीय आदि सम्मिलित है। सभी खिलाड़ियों ने कहा कि वे भोपाल जाकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे। गुड मॉर्निंग क्लब अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने खिलाड़ियों के स्वागत कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि प्रतिदिन 60 मिनट हर किसी को मैदान पर देना चाहिए।

## हृदयस्थ मनोहर कावड़िया नेताजी की स्मृति में आज होगा सर्वरोग निदान एवं उपचार शिविर का आयोजन

**मेघनगर।** विश्व पूज्य दादा गुरुदेव प्रभु श्रीमद विजय राजेन्द्र सुरीश्वरजी महाराजा साहेब के जन्म द्विशताब्दी वर्ष एवं नगर के समाजसेवी, पूर्व सरपंच हृदयस्थ मनोहर कावड़िया (नेताजी) की 11वी पुण्यतिथि पर पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद विजय जयंतसेन सुरीश्वरजी महाराज साहब के पट्टधर गच्छाधिपति श्रीमद विजय नित्यसेन सुरीश्वरजी महाराज साहब की शुभ प्रेरणा एवं आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सुरीश्वरजी महाराज साहब के आशीर्वाद से रोटरी क्लब अपना मेघनगर एवं अखिल भारतीय श्री राजेन्द्र जैन नवयुवक, महिला, तरुण एवं बालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कावड़िया परिवार द्वारा नि:शुल्क सर्वरोग निदान एवं उपचार शिविर का आयोजन रविवार को स्थानीय प्रायमरी कन्याशाला देसाई पेट्रोल पंप के पास आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए रोटरी क्लब अपना के भरत मिस्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि, पारुल सेवाश्रम हॉस्पिटल वडोदरा एवं परिषद परिवार के सहयोग से नेताजी की स्मृति में यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। ।नवयुवक परिषद अध्यक्ष देवेंद्र जैन एवं महामंत्री राहुल लोढ़ा ने बताया कि दादा गुरुदेव के जन्म द्विशताब्दी वर्ष में कावड़िया परिवार के सहकार से आयोजित इस शिविर में ब्लड शुगर की जांच निशुल्क की जाएगी।



# जय हनुमान ज्ञान गुन सागर... भक्तिमय हुआ पेटलावद

### तारखेडी श्री विश्व हनुमान धाम के लिए निकली पदयात्रा ..

**पेटलावद।** शनिवार को श्री विश्वमंगल हनुमान धाम तारखेड़ी के लिए 8 वीं पदयात्रा निकाली गई। यह यात्रा बालाजी ग्रुप पेटलावद के तत्वाधान में निकाली।

यात्रा श्रद्धांजलि चौक से शुरू हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। भक्त पैदल भगवान के दर्शन करने पहुंचे। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कावड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

गौरतलब है कि पिछले 7 वर्षों से इस यात्रा में भाग ले रहे हैं। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें सहभागिता की है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य बाबा विश्वमंगल का आशीर्वाद पेटलावद नगर व क्षेत्र में हमेशा बना रहे, साथ ही क्षेत्र की सुख समृधि खुशहाली कायम रहे ऐसी कामना लेकर पेटलावद नगर के श्रद्धालु यात्रा पर निकले। तारखेड़ी पहुंचकर सभी ने विश्वमंगल हनुमान के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की।

रायपुरिया सहित कई गांवों में भी हुआ स्वागत :- जब पैदल यात्रियों का दल रायपुरिया गांव पहुंचा तो ग्रामीणजनों ने सभी यात्रियों का स्वागत किया। इसी के साथ आगे के कई गांवों में भी यात्रा का स्वागत किया गया। किसी ने नाश्ता कराकर तो किसी ने चाय का स्टाल लगाकर सभी श्रद्धालुओ को चाय भी पिलाई। जिस पश्चात ग्राम बनी, बोलासा में भी स्वागत हुआ। सभी यात्री विश्वमंगल धाम के जयकारों के साथ डीजे की धुन पर साथ में चल रहे थे।

बाबा बजरंगबली का विश्वप्रसिद्ध मन्दिर श्री विश्वमंगलधाम तारखेड़ी भक्तो की आस्था ओर श्रद्धा का प्रतीक है। इस मंदिर पर देशभर से लोग दर्शन करने के लिये आते है ओर बाबा बजरंगबली अपने भक्तो कि समस्त मनोरथ पूरे करते है।

# पुलिस का सॉफ्टवेयर हुआ क्रैश डिजिटल पुलिसिंग की खुली पोल

- – ठप हुआ सिस्टम, आज नहीं बन सका डीएसआर
- –एक दिन की तकनीकी चूक, लेकिन खतरे में निगरानी और रिकॉर्ड



नव भारत न्यूज

इंदौर. जिस डिजिटल सिस्टम को पुलिस की रीढ़ बताया जाता है, वही सिस्टम एक झटके में ढह गया. सॉफ्टवेयर में आई तकनीकी खराबी के चलते शुक्रवार को पुलिस का सबसे अहम दस्तावेज दैनिक स्थिति प्रतिवेदन (डीएसआर) तैयार ही नहीं हो सका. यह महज तकनीकी दिक्कत नहीं, बल्कि पुलिस की डिजिटल निर्भरता और कमजोर बैकअप व्यवस्था की गंभीर पोल खोलने वाला मामला है.

पुलिस की वेबसाइड पर अधिकृत जानकारी दी गई है कि पुलिस द्वारा उपयोग किए जाने वाले सेंट्रलाइज्ड सॉफ्टवेयर में सर्वर रिस्पॉन्स फेल होने और डेटा सिंकिंग में गड़बड़ी के चलते डीएसआर जनरेट नहीं हो पाया. न तो थानों से पूरा डेटा अपलोड हो सका और न ही उच्च अधिकारियों के डैशबोर्ड पर कोई अपडेट पहुंचा. नतीजा यह रहा कि पूरे दिन की अपराध, कार्रवाई, गिरफ्तारी और कानून-व्यवस्था की स्थिति कागजों में ही अटक गई.

डेटा मिस होना, बन सकता है बड़े प्रशासनिक विवाद व कानूनी उलझनों की वजह- डिजिटल पुलिसिंग के इस दौर में सॉफ्टवेयर का फेल होना यह भी दर्शाता है कि वैकल्पिक मैनुअल सिस्टम या रियल-टाइम बैकअप की व्यवस्था या तो कमजोर है या मौजूद ही नहीं. विशेषज्ञों का कहना है कि एक दिन का डेटा मिस होना भविष्य में बड़े प्रशासनिक विवाद और कानूनी उलझनों की वजह बन सकता है. इस पूरे घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि हाईटेक पुलिसिंग के दावों के बीच सिस्टम की एक तकनीकी खामी पूरी व्यवस्था को ठप कर सकती है. अब सवाल यह है कि क्या पुलिस विभाग इस चूक से सबक लेकर मजबूत तकनीकी बैकअप और वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करेगा,

## प्रशासनिक, कानूनी दस्तावेज है डीएसआर

ज्ञात हो कि डीएसआर पुलिस के लिए सिर्फ एक रिपोर्ट नहीं, बल्कि प्रशासनिक, कानूनी और रणनीतिक दस्तावेज होता है. इसी के आधार पर आईजी, डीआईजी, पुलिस कमिश्नर और एसपी जिले की स्थिति की समीक्षा करते हैं. डीएसआर नहीं बनने से वरिष्ठ अधिकारी अंधेरे में रहे और फील्ड की वास्तविक तस्वीर उन तक नहीं पहुंच सकी. सबसे बड़ा खतरा भविष्य को लेकर है. डीएसआर कोर्ट में पेश होने वाले रिकॉर्ड, विभागीय जांच और जवाबदेही तय करने का आधार होता है. यदि किसी मामले में बाद में सवाल उठे और उस दिन का डीएसआर उपलब्ध न हो, तो पुलिस के पास अपना पक्ष रखने के लिए ठोस दस्तावेज ही नहीं रहेगा. यही नहीं, अपराध के आंकड़ों में गैप आने से क्राइम ट्रेंड एनालिसिस, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और फोर्स डिप्लॉयमेंट की प्लानिंग भी प्रभावित हो सकती है.

**एक नजर में** — कड़ाके की ठंड में भी सैकड़ों बच्चें पहुंच रहे पाठशाला, 4 जनवरी को पाठशाला का होगा समापन

# हमें अपने धर्म और धरती की रक्षा करने के लिए हमेशा कृत-संकल्पित रहना चाहिए : जादौन

**झाबुआ। सामाजिक महासंघ जिला इकाई की राष्ट्रवाद, धर्म-जागरण एवं सनातन संस्कारों की पाठशाला के अंतिम दिनों में सुबह कड़ाके की ठंड के बावजूद पाठशाला में सैकड़ों बच्चें अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे है और पूरे गरिमा एवं अनुशासन का परिचय देने के साथ पाठशाला में देश, विदेशों के साथ अपने धर्म, संस्कृति, संस्कार के संबंध में उत्साहपूर्वक जानकारी प्राप्त कर ज्ञान-कौशल में अभिवृद्धि कर रहे है। सामाजिक महासंघ की पाठशाला का समापन 4 जनवरी, रविवार को गरिमामय रूप से होगा।**



पाठशाला के पांचवे दिन 3 जनवरी, शनिवार को पैलेस गार्डन पर उपस्थित सैकड़ों बच्चों ने धर्म एवं संस्कारों की शिक्षा प्राप्त की। पाठशाला का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ सामाजिक महासंघ महिला इकाई अध्यक्ष शीतल जादौन, प्रिया त्रिवेदी, सीमा राठौर, डॉ. एमएम फुलपगारे, अवलोक शर्मा आदि ने दीप प्रज्जवलन कर किया। बाद बच्चों को सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं योग का अभ्यास राधेश्याम परमार 'दादुभाई', कोमलसिंह कुशवाह एवं रामबदनसिंह सेंगर ने करवाया। इस दौरान दो नन्हीं बालिकाओं द्वारा श्री हनुमान चालीसा पाठ की चौपाईयों का पूरा कंठस्थ वाचन उपस्थित सदन के समक्ष किया गया। जिस पर सामाजिक महासंघ के विनोदकुमार जायसवाल ने दोनो बालिकाओं का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर संकल्प ग्रुप अध्यक्ष भारती सोनी ने बच्चों को राष्ट्र प्रेम की प्रेरणा देते हुए बच्चों को जीवन में अच्छी शिक्षा के साथ देश के लिए एक अच्छा नागरिक बनने की सीख दी। भेरूसिंह चौहान 'तरंग' ने बच्चों के समक्ष प्रेरणास्प्रद कविता सुनाई। राधेश्याम परमार 'दादुभाई' ने बच्चों से धर्म से संबंधित प्रश्नोत्तरी की। जिसमें रामायण, महाभारत से संबंधित प्रश्न बच्चों से पूछे गए एवं जिन प्रश्नों का उत्तर बच्चे नहीं दे पाए, उसके प्रसंग की कहानी सुनाकर बच्चों के धार्मिक ज्ञान में अभिवृद्धि की। विनीता सिन्हा ने बच्चों को पानी-पुरी का प्रचलन महाभारत काल से होन बताते हुए बच्चों को शिक्षा, धर्म, ज्ञान एवं संस्कारों से ओत-प्रोत किया तथा किसी भी परिस्थिति में जीवन में हार नहीं मानने की सीख दी।

गौ-माता की सेवा भगवान की सेवा के समान है-प्रिया त्रिवेदी ने बच्चों को गौ-माता की महिमा बताते हुए कहा कि गौ-माता में भगवान का वास होता है। यदि हम किसी कारणवश भगवान की पूजा नहीं कर पाए, तो गौ-माता की सेवा करने से ईश्वर की सेवा करने के बराबर पुण्य लाभ मिलता है। प्रिया त्रिवेदी ने सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों से प्रतिदिन कम से कम एक रोटी गौ-माता को आवश्यक रूप से खिलाने की आदत डालने के लिए प्रेरित किया। सामाजिक महासंघ महिला इकाई अध्यक्ष शीतल जादौन ने कहा कि हमे अपने धर्म और धरती की रक्षा के लिए हमेशा कृत-संकल्पित और सजग रहना चाहिए। धर्म हमारी रक्षा करता है और धरती अर्थात भारत माता जो अपना पालन-पोषण करती है, ।

### वैदिक रीति-रिवाज अनुसार जन्मदिवस मनाने हेतु प्रेरित किया

सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर ने बच्चों से सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्नोत्तरी की और जीवन में गरिमा और अनुशासन का पालन करने हेतु प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। इस अवसर पर नन्हीं बालिका रियांशी पंवार का जन्मदिवस वैदिक रीति के अनुसार मनाया गया एवं सभी बच्चों को अपना जन्मदिवस वैदिक रीति-रिवाज के अनुसार मनाने हेतु प्रेरित किया। पाठशाला को सफल बनाने में विशेष सहयोग अतिश टेलर, विजय माहेश्वरी, ओम बंटू भदौरिया आदि ने प्रदान किया। पांचवे दिन स्वल्पाहार के लाभार्थी समाजसेवी नाथुलाल पाटीदार एवं मनोहरसिंह राठौर रहे। इस अवसर पर ओम भट्ट, सुनिल ताहेड़, प्रवीण चौहान आदि की विशेष उपस्थिति रहीं।